सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 01 जनवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने भेंट कर नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी मुख्यमंत्री को नए वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी व विधायक श्री खजान दास ने भेंट कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके उपरान्त राज्यपाल से प्रदेश के वरिष्ट अधिकारियों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, आईटीबीपी के अधिकारियों सहित राजभवन के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भेंट कर नव वर्ष की बधाइयाँ दी। राज्यपाल ने भी सभी को नए साल की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी श्री दीपम सेठ, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद वर्धन सहित वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस अधिकारीगण मौजूद रहे।

............0............